भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

**लोक सभा**

लिखित प्रश्न सं. 4344

सोमवार, 22 मार्च, 2021/1 चैत्र, 1943 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

**रुइया किले का विकास**

**4344. श्री अशोक कुमार रावत:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने उत्तर प्रदेश के मिश्रिख संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत हरदोई जिले के रुइया, माधोगंज में राजा नरपति सिंह, जो 1857 के विद्रोह में अंग्रेजों से लड़ते हुए शहीद हो गए थे, की याद में बनवाए गए राजा नरपति सिंह के किले को 75वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विकसित करने के लिए कोई कदम उठाया है या उठाने का विचार है और इसे पर्यटन स्थलों की केंदीय सूची में शामिल करने का विचार है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री प्रहलाद सिंह पटेल)**

(क) और (ख): पर्यटक स्थलों का विकास एवं संवर्धन मुख्य रूप से राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र (यूटी) प्रशासन की जिम्मेदारी है। तथापि पर्यटन मंत्रालय स्वदेश दर्शन तथा प्रसाद नामक योजनाओं के अंतर्गत देश में पर्यटन अवसंरचना और सुविधाओं के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों/केंद्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता देता है। इन योजनाओं के अंतर्गत विकास हेतु परियोजनाओं की पहचान राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के परामर्श से की जाती है और निधियों की उपलब्धता, उपयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्टों की प्रस्तुति, योजना दिशा निर्देशों के अनुपालन तथा पहले जारी की गई निधियों की उपलब्धता की शर्त पर उन्हें स्वीकृति प्रदान की जाती है। उपरोक्त योजनाओं के अंतर्गत हरदोई जिले में रुइया, माधवगंज में राजा नरपति सिंह किले के विकास की कोई परियोजना पर्यटन मंत्रालय के विचाराधीन नहीं है।

*******